Excel 2013

Office

त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका

Microsoft Excel 2013 पिछले संस्करणों से भिन्न दिखाई देता है, इसलिए हमने इस मार्गदर्शिका को आपके सीखने में आने वाली कठिनाइयों को कम करने में मदद के लिए बनाया है.

त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी पर आदेश जोड़ें
आपके द्वारा रिबन को छुपाए जाने पर भी, पसंदीदा आदेश और बटन्स दृश्यमान बनाए रखें.

रिबन पर आदेशों का अन्वेषण करें
प्रत्येक रिबन टैब में समूह होते हैं, और प्रत्येक समूह में संबंधित आदेशों का सेट होता है.

रिबन दिखाएँ या छुपाएँ
रिबन को छुपाने या दिखाने के लिए **रिबन प्रदर्शन विकल्प** क्लिक करें या **Ctrl+F1** दबाएँ.

फ़ाइलें प्रबंधित करें
अपनी फ़ाइलें खोलें, सहेजें, मुद्रित और साझा करें. साथ ही इस दृश्य में विकल्प और खाता सेटिंग्स परिवर्तित करें.

विज़ुअल संकेत प्राप्त करें
डेटा परिवर्तन दिखाने वाले पत्रक और एनिमेशन्स में प्रदर्शित होने वाले क्रिया बटन्स देखें.

पत्रक बनाएँ
एक पत्रक से शुरूआत करें और आवश्यकता अनुसार अधिक पत्रक जोड़ें.



शॉर्टकट मेनूज़ दिखाएँ
अपने पत्रक, चार्ट, या PivotTable डेटा में राइट-क्लिक करने की आदत डालें. Excel आपको वह आदेश दिखाएगा जो आपके डेटा के लिए प्रासंगिक हैं.

कोई संवाद बॉक्स खोलें
किसी समूह के लिए अधिक विकल्प दिखाने हेतु लॉन्चर चिह्न पर क्लिक करें.

कुंजी युक्तियाँ दिखाएँ
यदि आपने कभी कुंजीपटल का उपयोग किया है, तो उन कुंजियों को दिखाने के लिए जो आपको रिबन पर आदेशों पर पहुँच प्राप्त करने देती है, **Alt** दबाएँ. और हाँ – आपने जिन कुंजीपटल शॉर्टकट्स का पहले उपयोग किया है वे भी कार्य करेंगे.

अन्य टैब्स पर पहुँच प्राप्त करें
आवश्यकता होने पर आपको अधिक टैब्स दिखाई देते हैं, जैसे चार्ट या PivotTable टैब्स.

दृश्यों को परिवर्तित करें
सही दृश्य में तेज़ी से कार्य करें. **सामान्य, पृष्ठ लेआउट,** या **पृष्ठ विराम पूर्वावलोकन.**

ज़ूम इन या ज़ूम आउट करें
ज़ूम स्तर को परिवर्तित करने के लिए ज़ूम स्लाइडर को खींचें.

Microsoft

Excel 2013

Office

Excel 2013 के साथ प्रारंभ करने के तरीके

यदि आपने पहले Excel 2007 या 2010 का उपयोग किया है और आप रिबन से परिचित हैं, तो आप यह जानना चाहेंगे कि Excel 2013 में क्या परिवर्तन हुआ है. यदि आपने पहले Excel 2003 का उपयोग किया है, तो आप यह जानना चाहेंगे कि रिबन पर Excel 2003 आदेशों और उपकरण पट्टी बटन्स की खोज कहाँ करनी है.

हमारे पास ऑनलाइन प्रशिक्षण सहित, आपको Excel 2013 सीखने में मदद प्रदान करने के कई नि:शुल्क संसाधन हैं. Excel मदद को खोलने के लिए रिबन के ऊपर शीर्ष-दाएँ कोने पर केवल प्रश्न चिह्न क्लिक करें.

रिबन का अन्वेषण करना

यदि आपने Excel के पिछले संस्करणों में रिबन का उपयोग किया है, तो आपको कुछ परिवर्तन दिखाई देंगे.

आपको चार्ट्स और PivotTables बनाने में मदद के लिए **सम्मिलित करें** टैब में नए बटन्स हैं. इसमें स्लाइसर्स और टाइमलाइंस बनाने के लिए बटन के साथ नया **फ़िल्टर्स** समूह भी है. अन्य टैब्स आपके द्वारा कुछ चीज़ों जैसे कि चार्ट्स और PivotTables पर पर कार्य करने पर दिखाई देते हैं. वे टैब्स आपके लिए चीज़ें ढूँढना आसान बनाने के लिए भी परिवर्तित हुए हैं.



Excel 2013

Office

संभवतः आप इन चीज़ों को खोज रहे हैं

Excel 2013 में कुछ अधिक सामान्य उपकरणों और आदेशों को ढूँढ़ने के लिए नीचे सूची का उपयोग करें.

यह करने के लिए...	क्लिक करें...	और फिर इसमें देखें...
फ़ाइलें बनाना, खोलना, सहेजना, मुद्रित करना, साझा करना, या आयात करना या विकल्प परिवर्तित करना	**फ़ाइल**	Backstage दृश्य (बाएँ फलक में आदेशों पर क्लिक करें).
कक्षों, स्तंभों और पंक्तियों में डेटा स्वरूपित करना, सम्मिलित करना, हटाना, संपादित करना या खोजना	**मुख पृष्ठ**	**संख्या शैलियाँ, कक्ष,** और **संपादन** समूह.
तालिकाएँ, चार्ट्स, स्पार्कलाइंस, रिपोर्ट्स, स्लाइसर्स और हाइपरलिंक्स बनाना	**सम्मिलित करें**	**तालिकाएँ, चार्ट्स, स्पार्कलाइंस, फ़िल्टर्स,** और **लिंक्स** समूह.
पृष्ठ हाशिये, पृष्ठ विराम, मुद्रण क्षेत्र, या पत्रक विकल्प सेट करना	**पृष्ठ लेआउट**	**पृष्ठ सेटअप, फ़िट करने के लिए स्केल करें,** और **पत्रक विकल्प** समूह.
फ़ंक्शंस खोजना, नाम निर्धारित करना, या सूत्र समस्याओं का निवारण करना	**सूत्र**	**फ़ंक्शन लाइब्रेरी, निर्धारित नाम,** और **सूत्र अंकेक्षण** समूह.
डेटा आयात या उससे कनेक्ट करना, डेटा सॉर्ट और फ़िल्टर करना, डेटा मान्य करना, फ़्लैश भरण मान, या कोई क्या-यदि विश्लेषण निष्पादित करना	**डेटा**	**बाह्य डेटा प्राप्त करें, कनेक्शंस, सॉर्ट और फ़िल्टर करें,** और **डेटा उपकरण** समूह.
वर्तनी जाँचना, समीक्षा और पुनरावलोकन करना और किसी पत्रक या कार्यपुस्तिका को सुरक्षित करना	**समीक्षा करें**	**अशुद्धि जाँच, टिप्पणियाँ,** और **परिवर्तन** समूह.
कार्यपुस्तिका दृश्य परिवर्तित करना, विंडोज़ प्रबंधित करना, फलक फ़्रीज़ करना और मैक्रोज़ रिकॉर्ड करना	**दृश्य**	**कार्यपुस्तिका दृश्य, विंडो,** और **मैक्रोज़** समूह.

Excel 2013

Office

रिबन के बिना सुविधाएँ लागू करना

Excel 2013 में, हमने कुछ अक्सर उपयोग होने वाले लेकिन ढूँढने में कठिन आदेशों और बटन्स को आसान पहुँच के अंतर्गत रखा है.

जब आप अपने कार्यपत्रक में डेटा का चयन करते हैं, तो **त्वरित विश्लेषण** बटन दिखाई देता है. यह आपको कई उपयोगी सुविधाओं पर पहुँच प्रदान करता है जिनके बारे में आपको शायद ही पता होगा और आपके डेटा पर प्रभावी करने से पहले उनका पूर्वावलोकन करने देता है.



डेटा दर्ज करते समय, आप देखेंगे कि Excel किसी प्रतिमान की खोज करते हुए ही स्वचालित रूप से मान भर देता है. आप अधिक निर्णय लेने के लिए **फ़्लैश भरण विकल्प** पाएँगे.



लेन-देन	बजट	विभाग	संपर्क
80101-Ads-Advertising-John	1300	Ads	
802100-Evs-Events-Jenny	1830	Evs	
804020-Dmg-Digital Marketing-Bill	600	Dmg	
807800-Pro-Promotions-Sally	1800	Pro	
801010-Ads-Advertising-Paul	2730	Ads	
802100-Evs-Events-Paul	1750	Evs	
804020-Dmg-Digital Marketing-John	1200	Dmg	
806002-Prs-Public Relations-John	3500	Prs	

चार्ट सुविधाओं पर बेहतर पहुँच

कोई अनुशंसित चार्ट बनाना प्रारंभ करने का सबसे बढ़िया तरीका है, लेकिन आप फिर भी शैली को अनुकूलित करना और सटीक डेटा दिखाना चाहते हैं तो आपको इसे स्वयं बनाना चाहिए.

Excel 2013 आपको ये सभी विकल्प चार्ट के बिल्कुल आगे प्रदान करता है. अपने चार्ट को फ़ाइन-ट्यून करने के लिए केवल **चार्ट तत्व, चार्ट शैलियाँ,** या **चार्ट फ़िल्टर्स** बटन्स क्लिक करें.



Excel 2013

Office

ऐसे लोगों के साथ कैसे कार्य करें जिनके पास Excel 2013 नहीं है

ऐसे लोग जो Excel के किसी पुराने संस्करण का उपयोग कर रहे हैं, उनके साथ फ़ाइलें साझा और आदान-प्रदान करने पर ध्यान में रखने योग्य कुछ बातें यहाँ हैं.

Excel 2013 में	क्या होता है?	मुझे क्या करना चाहिए?
आप Excel 97-2003 के साथ बनाई गई कोई कार्यपुस्तिका को खोलते हैं.	Excel कार्यपुस्तिका को संगतता मोड में खोलता है और उसे Excel 97-2003 फ़ाइल स्वरूप (*.xls) में रखता है. जब आप कार्यपुस्तिका सहेजते हैं, तो आपके द्वारा Excel के पिछले संस्करणों के साथ समर्थित न होने वाली सुविधाओं का उपयोग किए जाने पर Excel आपको संगतता समस्याओं के बारे में बताएगा.	यदि आप उन लोगों के साथ कार्यपुस्तिका साझा कर रहे हैं जिनके पास Excel 2013 नहीं है तो संगतता मोड में कार्य करना जारी रखें. यदि आप कार्यपुस्तिका को साझा नहीं कर रहे हैं, तो उसे Excel 2007-2013 फ़ाइल स्वरूप (*.xlsx) में कनवर्ट करें ताकि आप Excel 2013 की सभी नई सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें (**फ़ाइल > जानकारी > कनवर्ट करें** क्लिक करें).
आप अपनी कार्यपुस्तिका को किसी Excel 2013 फ़ाइल के रूप में सहेजते हैं.	Excel कार्यपुस्तिका को Excel 2007-2013 फ़ाइल स्वरूप (*.xlsx) में सहेजता है ताकि आप Excel 2013 की सभी नई सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें.	यदि आप इस कार्यपुस्तिका को उन लोगों के साथ साझा करने के बारे में सोचते हैं जो Excel के पिछले संस्करण का उपयोग करते हैं, तो कार्यपुस्तिका में संगतता समस्याओं के लिए जाँच करें (**फ़ाइल > जानकारी > समस्याएँ जाँचें** क्लिक करें). आप समस्याओं को देख सकते हैं और उन्हें कार्यपुस्तिका में साझा करने से पहले उनका समाधान कर सकते हैं.
आप अपनी कार्यपुस्तिका को किसी Excel 97-2003 फ़ाइल के रूप में सहेजते हैं.	Excel स्वचालित रूप से संगतता समस्याओं के लिए फ़ाइल की जाँच करता है और आपके द्वारा उपयोग की जाती किसी भी नई Excel 2013 सुविधा के लिए उन्हें दिखाता है.	संगतता समस्याओं का मूल्यांकन करें और कार्यपुस्तिका साझा करने से पहले उनका समाधान करें.

उन्नत सुविधाएँ खोजना

किसी सामयिक मैक्रो को रिकॉर्ड करने के लिए, आप **दृश्य** टैब में **मैक्रोज़** बटन का उपयोग कर सकते हैं. लेकिन यदि आप मैक्रोज़ और प्रपत्रों को नियमतः बनाने या संपादित करने, या XML या VBA समाधानों का उपयोग करने के बारे में सोचते हैं, तो आपको रिबन पर **डेवलपर** टैब को जोड़ने की आवश्यकता होगी.



आप **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स में **अनुकूलित करें** टैब पर इसका चयन कर सकते हैं (**फ़ाइल** > **विकल्प** > **रिबन अनुकूलित करें** क्लिक करें). **डेवलपर** टैब रिबन पर **दृश्य** टैब के दाएँ ओर दिखाई देता है.

Excel के साथ आने वाले ऐड-इन्स सक्षम करना

Excel 2013 ऐसे कई ऐड-इन प्रोग्राम्स के साथ आता है जो आपको कुछ उन्नत डेटा विश्लेषण करने देता है. इसमें सामान्य Excel ऐड-इन्स हैं, जैसे कि विश्लेषण टूलपैक या सॉल्वर ऐड-इन.

ऐड-इन्स को सक्षम करना उन्हें रिबन में जोड़ देता है. **Excel विकल्प** संवाद बॉक्स पर **ऐड-इन्स** टैब में **प्रबंधित करें** बॉक्स में केवल उनका चयन करें (**फ़ाइल** > **विकल्प** > **ऐड-इन्स**), और फिर **जाएँ** क्लिक करें.



यदि आपके पास Office का Professional Plus संस्करण है, तो आपके पास कुछ नए ऐड-इन्स भी होंगे, जैसे कि Inquire, Excel 2013 के लिए PowerPivot, या Power View ऐड-इन. Power View ऐड-इन का **सम्मिलित करें** टैब पर एक निर्दिष्ट बटन भी है. उस बटन को पहली बार क्लिक करने से ऐड-इन सक्षम हो जाता है.